# बारिश में बाहर भीगते रहे छात्र और शिक्षक

**कान्हीवाड़ा स्कूल में प्रभारी प्राचार्य और चपरासी की मनमानी**



**सिवनी नवभारत। जिला शिक्षा केंद्र सिवनी के अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कान्हीवाड़ा में प्रभारी प्राचार्य और चपरासी की घोर लापरवाही और मनमानी का मामला सामने आया है। स्कूल प्रबंधन की इस बेरुखी के कारण गिरते पानी (बारिश) के बीच आधे से ज्यादा शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को स्कूल परिसर के मुख्य गेट के बाहर घंटों खड़े रहकर इंतजार करना पड़ा।**

मिली जानकारी के अनुसार, स्कूल का गेट समय पर नहीं खोला गया, जिसके चलते दूर-दराज से आने वाले बच्चों और स्टाफ को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि इस हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ चपरासी नियम विरुद्ध तरीके से मुख्यालय से बाहर रहते हैं, जिसके कारण स्कूल समय पर खुलने और बंद होने की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

### 30 से 35 किलोमीटर का सफर कर पहुंचते हैं शिक्षक

हैरानी की बात यह है कि स्कूल में पदस्थ आधे से अधिक शिक्षक रोजाना 30 से 35 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करके अप-डाउन समय पर स्कूल पहुंचते हैं। लेकिन प्रभारी प्राचार्य की लचर प्रशासनिक व्यवस्था और चपरासी की मनमानी के कारण, कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों और पढ़ाई के लिए उत्सुक छात्र-छात्राओं को बारिश के मौसम में भी स्कूल के बाहर खड़े होकर प्रताड़ित होना पड़ रहा है।

### कलेक्टर और डीईओ से सख्त कार्रवाई की गुहार

ग्रामीणों, पालकों और पीड़ित छात्रों ने इस पूरी अव्यवस्था पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। स्थानीय नागरिकों ने जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी और संवेदनशील जिला कलेक्टर नेहा मीना से इस गंभीर मामले का तत्काल संज्ञान लेने का अनुरोध किया है। मांग की जा रही है कि कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले प्रभारी प्राचार्य और मुख्यालय से नदारद रहने वाले चपरासी के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में छात्रों के भविष्य और गरिमा के साथ ऐसा खिलवाड़ न हो।

## हर ग्यारस निकलेगी श्री श्याम युवा संकल्प निशान यात्रा

**सिवनी नवभारत।** श्री श्याम परिवार समिति की युवा इकाई प्रत्येक ग्यारस (एकादशी) पर श्री श्याम युवा संकल्प निशान यात्रा निकालेगी। समिति के अनुसार वर्षभर की सभी 24 ग्यारस पर आयोजित होने वाली यह यात्रा युवा जागरण, व्यसनमुक्ति, सामाजिक एकता, संस्कार निर्माण और सिवनी के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ निकाली जाएगी। यात्रा की शुरुआत 10 जुलाई को सुबह 6 बजे शुक्रवारी स्थित श्रीराम मंदिर से होगी, जो श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। समिति ने सभी श्याम भक्तों, युवाओं, महिलाओं और नागरिकों से यात्रा में शामिल होने की अपील की है। समिति के अनुसार आगामी ग्यारसों से श्रद्धालु अपने-अपने मोहल्लों और कॉलोनियों से निशान यात्रा के रूप में मंदिर पहुंचेंगे, जिससे यह अभियान जनभागीदारी के साथ सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना का व्यापक माध्यम बनेगा।

# लखनवाड़ा घाट की बदहाल स्थिति से ग्रामीण परेशान

**गंदगी और अव्यवस्था पर फूटा आक्रोश**



**सिवनी/लखनवाड़ा नवभारत। लखनवाड़ा स्थित बैनगंगा घाट इन दिनों बदहाली और गंदगी का शिकार बना हुआ है। घाट पर साफ-सफाई एवं आवश्यक मरम्मत के अभाव में कचरे का अंबार लग गया है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन घाट से गुजरने वाले राहगीरों, श्रद्धालुओं और स्थानीय ग्रामीणों को गंदगी, दुर्गंध और अव्यवस्थित मार्ग के कारण काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं।**

ग्रामीणों का आरोप है कि घाट की सफाई और मरम्मत के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जाती है। जेसीबी मशीन से ऊपर-ऊपर सफाई कर प्रशासन अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेता है, जबकि वास्तविक रूप से घाट की स्थिति जस की तस बनी रहती है। पुल और घाट पर जमा कचरा तथा गाद समय रहते नहीं हटाए जाने से समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर नहीं है। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि बैनगंगा घाट की नियमित साफ-सफाई कराई जाए, पुल और घाट की आवश्यक मरम्मत तत्काल कराई जाए तथा कचरे के उचित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। यदि समय रहते प्रशासन ने इस ओर गंभीरता नहीं दिखाई, तो ग्रामीणों ने जनआंदोलन और विरोध प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस समस्या का स्थायी समाधान कब तक कर पाते हैं।

## एक नजर में

### उद्गम स्वास्तिक फाउंडेशन स्वच्छता को लेकर नगर में बन रहा प्रेरणा स्रोत, लगाए सूचना बोर्ड

छपारा। नगर में प्रत्येक रविवार को सुबह अलग-अलग स्थानों गली मोहल्लों और सार्वजनिक स्थलों पर लगभग 25 से अधिक साफ-सफाई का श्रमदान करने युवा टीम जन अभियान परिषद सिवनी के अंतर्गत छपारा नगर में स्वास्तिक उद्गम फाउंडेशन स्वच्छता को लेकर नगर में प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं जहां जोश उत्साह और उमंग पिछले लगभग 6 महिनों से लगातार मुहिम में जुटे हुए हैं वहीं दूसरी ओर इनके द्वारा नगर के बैनगंगा नदी पुल घाट एवं प्राचीन शिव मंदिर सिद्ध बाबा घाट दो स्थलों पर卐स्वच्छ बैनगंगा समृद्ध छपारा卐 के स्लोगन लिखे हुए सूचना फलक बोर्ड लगाए गए हैं ताकि नदी घाट पर पहुंचे श्रद्धालुओं को स्वच्छता को लेकर सजग कर सकें।




### कुशदीप का जन्मदिवस मनाया गया

सिवनी। अखंड भारतीय कुशवाहा महासभा भारत के तत्वावधान में टी.एफ.सी. पॉइंट एंड रेस्टोरेंट, सिवनी में चाय पर चर्चा कार्यक्रम एवं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम. जी. कुशवाहा कुशदीप का जन्मदिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारों एवं समाज के गणमान्य नागरिकों ने केक काटकर कुशदीप को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने हाल ही में आयोजित कुशवाहा सामाजिक सम्मेलन की सफलता में मीडिया के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा समाज को संगठित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।इस दौरान अखंड भारतीय कुशवाहा महासभा भारत का नया मोबाइल ऐप भी लॉन्च होने की जानकारी दी गई और समाज के सदस्यों से ऐप डाउनलोड कर संगठन से जुड़ने की अपील की गई।




### मिशन इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में साइबर सुरक्षा का पाठ, विद्यार्थियों को किया जागरूक



सिवनी। राज्य स्तरीय साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 के अंतर्गत मिशन इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, सिवनी में साइबर सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, फर्जी जॉब ऑफर, सोशल मीडिया हैकिंग, ओटीपी एवं यूपीआई फ्रॉड, साइबर बुलिंग सहित विभिन्न साइबर अपराधों से बचाव के प्रभावी उपाय बताए गए। विद्यार्थियों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने, अपनी व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा न करने तथा किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन 1930 या पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया।

## सिविल कोर्ट सिवनी के यथा स्थान विस्तारीकरण हेतु आम जनता से अपील

**सिवनी नवभारत।** सिविल कोर्ट सिवनी के यथा स्थान विस्तारीकरण हेतु समस्त सिवनी जिले की आम जनता ,समस्त अधिवक्ता गण, समस्त बुद्धिजीवीगण, समस्त सामाजिक संगठनों , समस्त किसान संगठनों, समस्त ट्रांसपोर्ट यूनियन, समस्त मजदूर संगठनों एवं समस्त राजनीतिक दलों से अनुरोध है कि सिविल कोर्ट भवन सिवनी को यथा स्थान पर विस्तारित करने एवं सिविल कोर्ट सिवनी को शहर के बाहर आबंटित बीज निगम की भूमि पर ले जाने से रोके जाने हेतु अपना समर्थन एवं सहयोग जनहित में प्रदान करें, जिससे जिले की जनता को भारी परेशानी का सामना न करना पड़े। इस संबंध में मेरा सुझाव है कि सिविल कोर्ट सिवनी परिसर के आसपास की भूमि को अधिग्रहित कर मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाकर उसके यथा स्थान विस्तारीकरण हेतु जन समर्थन की अति आवश्यकता है, सिवनी जिले की आम जनता के लिए वर्तमान सिविल कोर्ट भवन सुरक्षित एवं शांत क्षेत्र है एवं उक्त स्थल शहर का हृदय स्थल है एवं उक्त स्थल आसानी से आमजन की पहुंच में है। प्रशासनिक अधिकारीगण, निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण एवं न्यायाधीशगण द्वारा आम जनता के हितों को ताक में रखकर बीज निगम सिवनी की जो तीन हेक्टेयर भूमि आरक्षित करवाई गई है, उसका आम जनता द्वारा पुरजोर विरोध करते हुए सिविल कोर्ट भवन सिवनी का यथा स्थान विस्तारीकरण होना चाहिए।

# सांसद विवेक बंटी साहू का गणेशगंज में किया स्वागत

**गणेशगंज नवभारत।** छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू मां शारदा देवी मंदिर, मैहर दर्शन हेतु श्रद्धालुओं के साथ लगभग 375 किलोमीटर की पदयात्रा पर है जो कि 1 जुलाई से प्रारंभ हुई यह धार्मिक पदयात्रा लगभग 14 दिनों में पूर्ण होगी। शनिवार सायंकाल यात्रा के गणेशगंज पहुंचने पर स्थानीय साहू समाज, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं, सनातन धर्मप्रेमी बंधू तथा क्षेत्रीय नागरिकों ने सांसद विवेक बंटी साहू एवं श्रद्धालुओं का आतिशबाजी, ढौल नगाड़े,पुष्पवर्षा, माल्यार्पण एवं जयघोष के साथ आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया। श्रद्धालुओं के उत्साह और धार्मिक वातावरण से पूरा क्षेत्र भक्तिमय देखा गया। इस दौरान उच्च अधिकारियों के दिशानिर्देश पर सिविल अस्पताल लखनादौन के डॉक्टर राजेश डेहरिया तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गणेशगंज की टीम ने आंनद मैरिज लॉन पहुंचकर यात्रा में शामिल श्रद्धालुओ का चेकअप करते हुए सराहनीय योगदान दिया। यात्रा के दौरान सांसद श्री साहू एवं श्रद्धालुओं ने गणेशगंज स्थित श्री आनंद मैरिज लॉन में रात्रि विश्राम किया। रविवार प्रातः यात्रा पुनः प्रारंभ होने से पूर्व मैरिज लॉन परिसर में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में मध्यप्रदेश वन विभाग, गणेशगंज डिपो के डिप्टी रेंजर ऋषि पंद्रे सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में सांसद श्री साहू ने पौधारोपण किया।



## पूर्व विधायक सिंह ने किया सांसद की मैहर पदयात्रा का स्वागत



छपारा। शनिवार को केवलारी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह ने सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा छिंदवाड़ा से मैहर धाम तक की जा रही पावन पदयात्रा का केवलारी विधानसभा क्षेत्र आगमन पर स्वागत किया।पूर्व विधायक केवलारी विधानसभा क्षेत्र के नगर छपारा पर पहुँचकर छिंदवाड़ा से मैहर धाम तक की जा रही पावन पदयात्रा में सामिल होकर। सांसद विवेक बंटी साहू का भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों के साथ फूल माला पहनाकर आत्मीय स्वागत और शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान अभिनंदन किया। इस दौरान पूर्व वविधायक राकेश पाल सिंह ने मैहर वाली माता से सांसद विवेक बंटी साहू की पावन पदयात्रा के वीना किसी अवरोध के सम्पन्न होने की प्रार्थना किया। साथ ही आपने मां शारदा से समूचे क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना भी किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे क्षेत्रीय जन और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छपारा पुलिस को मिली सफलता, नागपुर से नाबालिग को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**छपारा नवभारत।** पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में छपारा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी और तत्परता से कार्रवाई करते हुए विगत दिनों गुम अपहृत हुई एक नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद (दस्तयाब) कर लिया है।

थाना छपारा क्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 16/06/2026 को बालिका के परिजनों (फरियादी) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। परिजनों की शिकायत पर थाना छपारा में अपराध क्रमांक 278/2026 के तहत धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी छपारा के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों (साइबर सेल की मदद) और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी। कड़े प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने नाबालिग बालिका को सोनेगांव तालाब के पास, नागपुर (महाराष्ट्र) से दिनांक 03/07/2026 को सकुशल दस्तयाब कर लिया।

वैधानिक कार्रवाई और आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद नाबालिग बालिका को सुरक्षित रूप से उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया है। अपनी बेटी को सुरक्षित पाकर परिजनों ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

इस अंधी कडी को सुलझाने और बालिका को सकुशल बरामद करने में छपारा थाने के निम्नलिखित अधिकारियों व कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही खेमेंद्र कुमार जैतवार (थाना प्रभारी, निरीक्षक),मंजू राहंगडाले (उप निरीक्षक),मुकेश डेहरिया (उप निरीक्षक),शैलेष तिवारी (सहायक उप निरीक्षक) दशरु प्रसाद बघेल (प्रधान आरक्षक) की सराहनीय भूमिका रही।

# सायबर जागरूकता अभियान चलाकर किया जागरूक

**सिवनी नवभारत।** जागरूक्ता अभियान सेल्फ क्लिक 2.0 चलाया गया जिसके तारतम्य में 05.07.2026 को थाना प्रभारी अजाक निरीक्षक अनंती मर्सकोले एवं थाना अजाक पुलिस स्टाफ की उपस्थिति में ग्राम लूघरवाड़ा जिला सिवनी एवं ग्राम बहरई जिला सिवनी पहुंचकर ग्राम सरपंच एवं ग्राम कोटवार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ मिलकर ग्राम कोटवार से ग्राम में मुनादी द्वारा सायबर जागरूक्ता अभियान चलाया गया एवं ग्राम पेचायत सदस्य व ग्रामीणजनों एवं उपस्थित लोगो को सायबर अपराधों, ऑनलाइन धोखाधड़ी, साईबर फ्राड जैसे- ओटीपीफ्रॉड, फिशिंग फ्राड, चङ्कष्ट अपडेट के नाम पर ठगी, सोशल मीडिया हैकिंग, डिजिटल अरेस्ट जैसे अपराधों के बारे में जानकारी प्रदाय की गई तथा साईबर फ्राड से बचने के उपाय बताये गये। साथ ही सायबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल राष्टीय सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने एवं पोर्टल पर रिपोर्ट करने हेतु समझाइश दी गई एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने, सतर्क रहने तथा अपने परिवार एवं परिचितों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया एवं साईबर अपराध से बचने हेतु साईबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।




# सिवनी के इमामबाड़ा अखाड़े ने जीता सबका दिल

## विवादों में नजर आया अखाड़े का प्रोग्राम, कुछ अखाड़े हुए नाराज

**सिवनी नवभारत।** गरीब नवाज फाउंडेशन के तत्वावधान मे 4 तारीख को उर्दू स्कूल मैदान मे एक रोजा अखाड़ों का प्रोग्राम करवाया गया जिसमे नगर व जिले के 14 अखाड़ों ने भाग लिया और अपने हुनर व अच्छे प्रदर्शन से जनता का दिल जीत लिया। सूत्र बताते है कि ये अखाड़ों कि प्रतियोगिता कम्पिटीशन के तौर मे करवाई गई थी जिसमे पहला ईनाम 51 हजार दुसरा ईनाम 31 हजार और तिसरा ईनाम 21 हजार रखा गया था जिसमे सबसे पहले गरीब नवाज फाउंडेशन कि तरफ से एक पर्चा बांटा गया जिसमे अंखाड़ो के नियम व शर्तें बताई गई मगर कुछ अखाड़ो वालो का कहना है कि पर्चे के अधार मे कोई काम नहीं हुआ जिसमे लिखा था।

चैंपियन सिप में केवल लठ, बल्लम, तलवार का ही स्तेमाल लागू किया जाएगा। खेल के मैदान में तीन मुख्य जज निर्णायक होगें एवं एक जज मुख्य निर्णायक होगा। अखाड़ों को चैंपियन सिप में प्रदर्शन करने में नम्बर प्लस एवं मायनस - फुर्ती के साथ, मार , बचाव, एवं, पैतरो, को देख कर दिये जायगे फन का प्रदर्शन करते वक्त हिरो द्वारा गेम में इशारा करते हुए खेलने सर हिलाकर काम करने या बोलकर काम करने में भी नम्बर काटे जाएंगे मगर ।



### बाहर से आए जजों के निर्णय पर उठ रहे सवाल

कुछ अखाड़ो कि माने तो जजो के निर्णय को गलत बताया क्यो कि पर्चे के अधार व नियमों को अंदेखा कर दिया गया बहुत से अखाड़ो ने समाली भी नहीं लिए और खेल चालू कर दिया वही हीरो ने भी प्रोग्राम दिखाते समय इशारा भी किया और सर भी हिलाया तो फिर कमेटी और जज ये बताएं कि किसके कितने पांइट काटे गए और किसको कितने पांइट दिए गए और किस अधार पर दिए गए जबकि एक दो ऐसे अखाडे थे जिन्होंने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया जहां अभी भी पुरे नगर मे इमामबाड़ा अखाड़े कि तारीफ की जा रही है मगर इमामबाड़ा अखाड़े के उस्ताद व कप्तान ने बताया कि हमे ईनाम से कोई मतलब नहीं था हमको सिर्फ हमारा हुनर दिखाना था जो हम दिखा कर आ चुकें है ।

### इमामबाड़ा अखाड़े ने पेश की जबरदस्त सलामी

नगर व जिले इमामबाडा अखाड़ा फिर बना चर्चा का विषय इमामबाड़ा अखाड़े के कप्तान मोहम्मद अली और फैजान कि सलामी ने पुरे मैदान पर एक अलग ही महौल बना दिया वही इमामबाड़ा अखाड़े ने अपने हुनर से तलवारें, बलम के उपयोग से अपने प्रोग्रामों अंजाम दिया।

**विरोध** — नगर परिषद बरघाट की उदासीनता के खिलाफ खोला मोर्चा, 19 बिंदु का ज्ञापन सौंपा गया

# विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**बरघाट नवभारत।** बरघाट नगर में भाजपा कांग्रेस दोनों के गठबंधन से बनी सरकार की लचर कार्यप्रणाली को लेकर एवं विभिन्न धार्मिक स्थलों, शासकीय भूमियों पर अवैध अतिक्रमण, धर्मांतरण और प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल ने मोर्चा खोल दिया है। विगत दिनों विधायक, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, पुलिस विभाग, नगर परिषद एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सहित अन्य को संगठन के पदाधिकारियों ने 19 सूत्रीय मांगों का एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर तीखे सवाल पूछे हैं। संगठनों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 2 दिनों के भीतर लिखित सत्यापित दस्तावेज और 7 दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की गई, तो विश्व हिन्दू परिषद एवं सकल हिंदू समाज उग्र आंदोलन, चक्काजाम और पुतला दहन करने के लिए विवश होगा।

### सौंपें गये ज्ञापन में प्रमुख मुद्दे और उठाई गई मांगें

नगर परिषद बरघाट द्वारा मुख्य मार्ग पर डिवाइडर बनाया जा रहा है जिनको लेकर भी नगर में भ्रष्टाचार की चर्चा जोरों पर जिस पर भी विश्व हिन्दू परिषद ने लिखा है कि रोड़ में पड़ने वाले भगवान श्री राम मंदिर को लेकर क्या व्यवस्था की गई साथ ही रोड़ के डीपीआर की छाया प्रति भी चाही है।*नगर बरघाट का मुख्य और बड़े तालाब को लेकर पहले भी नगर परिषद को अवगत कराया गया है लेकिन आज तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है जिसको लेकर ज्ञापन में कहां गया है कि नगर परिषद की निष्क्रियता एवं आकर्मठता के हिन्दूओं के ज्वारे , दुर्गा प्रतिमाएं गणेश प्रतिमा का चल समारोह समाप्त हो गया है क्योंकि पहले सभी नगर की प्रतिमा एवं ज्वारे,तीजा, कजलियां सहित अन्य विसर्जन बस स्टैंड के पीछे तालाब में होते थे जिससे नगर में धार्मिक वातावरण बना रहता था लेकिन विगत चार सालों से यह सब समाप्त हो गया है जिसका कारण बस स्टैंड से होते हुए तालाब घाट जाने वाले रास्ते में अतिक्रमण कर के रास्ते को छोटा-सा कर दिया गया है साथ तालाब की भूमि पर अतिक्रमण कर मकान बना लिए गए हैं जिससे वहां निवास करने वाले लोगों के घर का मल मूत्र गन्दा पानी तालाबों में आ रहा है जिससे पानी भी गन्दा हो गया है नगर परिषद रोड व तालाब भूमि से अतिक्रमण हटाकर गन्दा पानी को तालाब में जाने रोके। ज्ञापन में आरोप लगाया का मछुआरा सहकारी समिति से जुड़े 277 परिवारों का रोजगार भी इस जल प्रदूषण के कारण छिन गया है। संगठनों ने तालाबों के पूर्ण सीमांकन, शुद्धीकरण और स्वच्छ विसर्जन घाट के निर्माण की मांग की है।



जामा मस्जिद बरघाट के बाजू से जो रास्ता है जिससे सालों से गणेश प्रतिमा एवं दुर्गा प्रतिमा चल समारोह निकलता है वह रास्ता बहुत सकरा है जिस से अतिक्रमण हटाकर रास्ता चौड़ा किया जाए जिससे अनावश्यक विवाद से बचा जा सके। नगर परिषद अध्यक्ष ईमरता साहू को भी पूर्व में ज्ञापन सौंपा गया था व विश्व हिन्दू परिषद, हनुमान व्यायाम शाला के लिए भूमि की मांग की गई थी जो आज तक नहीं मिली है जिनको लेकर भी भूमि की मांग की गई है। बरघाट के वार्ड क्रमांक 15 (अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र) में पिछले 30 वर्षों से एक अस्थाई चर्च के माध्यम से आर्थिक प्रलोभन देकर भोले-भाले हिंदुओं के धर्मांतरण का आरोप लगाया गया है। मामले में पूर्व में दर्ज एफआईआर (थाना प्रभारी मोहन सिंह पटेल के कार्यकाल में) का हवाला देते हुए इस कथित चंगाई सभा को तुरंत बंद कराने की मांग की गई है। नगर देवी माता मंदिर मार्ग (वार्ड क्र. 13) को अतिक्रमण मुक्त करने और प्रवेश द्वार निर्माण में सहयोग की मांग की गई है।

### तीसरे दिन भी जारी रहा कांग्रेस का सत्याग्रह

मप्र कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज तीसरे दिन भी इलेक्ट्रानिक मीडिया के व्यवहार को लेकर दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक मौन सत्याग्रह किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने लगातार तीनों दिन मौन वृत रखकर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के कृत्यों का विरोध प्रदर्शन किया।

किराए से देना
अनमोल रेसीडेंसी, आशिर्वाद पेलेस के सामने, वरदान नेत्रालय के बाजू मे ज्यारत मे टू-बी.एच.के. मकान एवं मकान से सटी 14X18 तीन दुकान किराए से देना है।
संपर्क करे
6264000057

ॐ शांति
शोक समाचार



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि
पूज्य अम्मा इंजना देवी,
पत्नी स्वर्गीय बाबा श्री चेत्रुमल जी आसवानी, श्री उधवदास आसवानी की चाची तथा श्री अमृतलाल, श्री नरेश कुमार, श्री हरेश कुमार एवं श्री रामप्रकाश की पूज्य माताजी एवं राम, श्याम, शेरु, करन, यश, पवन, राहुल एवं पीयूष की पूज्य दादी जी का देवगमन हो गया है।
परमपिता परमात्मा से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति एवं संबल प्रदान करें।
अंतिम संस्कार
दिनांक: 6 जुलाई 2026 (सोमवार)
समय: प्रातः 12:30 बजे
स्थान: मुंगवानी रोड स्थित मोक्षधाम
ॐ शांति • ॐ शांति • ॐ शांति